हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

9 पंचकूला में एक्सटेंशन प्रवक्ता पर हमले के...




10 जीएसटी के सुधार नवरात्रि के पहले दिन से होंगे लागू...



## खबर संक्षेप

### जांगिड़ ब्राह्मण सभा की बैठक 20 को

**बाढ़ड़ा।** जांगिड़ ब्राहमण सभा बाढ़ड़ा की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 20 सितंबर को जांगड़ा धर्मशाला बाढ़ड़ा में आयोजित की जाएगी, ये जानकारी जांगिड़ ब्राहमण सभा के नवनियुक्त प्रधान मनोज कुमार जांगड़ा, सचिव रामपाल जांगड़ा व कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश जांगड़ा ने दी।

### खेत में पंप चलाने से व्यक्ति की मौत

**बवानीखेड़ा।** 42 वर्षीय खेड़ी दौलतपुर निवासी सत्यजीत उर्फ कालू के खेत में जमा पानी को पंप से निकालते समय अचानक मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक के खेत में पानी जमा था और वह पंप चलाकर पानी निकाल रहा था। उसी समय उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि पता नहीं इसे कुछ लड़ गया या क्या हुआ। अस्पताल ले जाते ही चिकित्सकों ने इसे मृत घोषित कर दिया।

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर कवि सम्मेलन आज

**चरखी दादरी।** प्रयास सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में दिनांक 19 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के मुख्य प्रायोजक कैप्टन जिलेसिंह स्कूल एवं रेड रोज मॉडर्न स्कूल हैं। कार्यक्रम में बतौर अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, विशिष्ट अतिथि सुनील सतपाल संगवान विधायक दादरी और गजेन्द्र फोगाट उपस्थित रहेंगे।

### एक छत के नीचे मिलेंगी सिंचाई विभाग की सेवाएं

**भिवानी।** सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि सिवानी उपमंडल के गांव खेड़ा में सिंचाई विभाग का 17.54 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा कॉम्प्लेक्स लगभग तैयार हो चुका है। यहां पर किसानों की सिंचाई, मी-काढा आदि सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। अधिकारियों के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि सरकार ने जून 2020 के आदेश को रद्द कर दिया है, जिसके तहत

## धान और बाजरे की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने पर भड़के किसान

# मंडी के गेट पर ताला जड़ने और हाइवे जाम करने की दी चेतावनी





भिवानी। सरकारी खरीद शुरू करवाए जाने की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए और सचिवालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- किसानों ने लघु सचिवालय के बाहर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारी बारिश से बर्बादी और दूसरी तरफ सरकारी खरीद ना होने से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। परेशान किसानों ने लघु सचिवालय के बाहर धरना देकर धान व बाजरे की सरकारी खरीद की मांग उठाई। साथ ही खरीद ना होने पर आरपार की लड़ाई का ऐलान किया।

किसानों का तर्क था कि अधिकांश किसानों की बाजरे की फसल खतम हो चुकी है,बाकी बचे किसानों ने फसल निकाली है तो उसको बेचने के लिए निजी खरीददारों से सम्पर्क करना पड़ रहा है। जो कि उनकी फसल को औने व पौने दामों में खरीद रहे है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द धान व बाजरे की खरीद शुरू नहीं की गई तो वे मंडी के गेट पर ताला जड़ देंगे साथ ही उसके सामने वाले हाईवे को जाम करेंगे। चूंकि धरती पुत्र सरकार के आश्वासन से परेशान हो चला है। किसान नेता होशियार सिंह ने बताया कि जिले के अधिकतर गांवों में इस बार भारी बारिश से ज़्यादातर फसलें बर्बाद हो चुकी है। जिससे किसान भारी नुकसान की मार झेल रहे हैं। उपर से अब थोड़ी बहुत बची बाजरे व धान की फसलों की सरकारी खरीद शुरू ना होने से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा।

**एसडीएम के साथ किसानों की हुई मीटिंग:** किसान नेता राकेश आर्य ने बताया कि बाद में एसडीएम ने सभी किसानों को अपने कार्यालय में बुलाया और उनकी सारी बातें ध्यान से सुनी। इस पर किसानों ने जल्द ही बाजरा व धान की फसलों की खरीद कराए जाने की मांग की। इस पर अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से तैयारी पूरी है। उन्होंने कल ही अनाजमंडी का दौरा किया है और मार्केट कमेटी से खरीद की तैयारियों की जानकारी ली है। जैसे ही उपर से खरीद शुरू करवाए जाने क आदेश मिलता है तो तत्काल खरीद शुरू करवा देंगे। इस दौरान किसानों ने फसल खराब का मुआवजा भी दिलाए जाने की मांग की। इस पर अधिकारी ने तत्काल उनकी मांगों को पूरा करवाए जाने का आश्वासन दिया है।

### सीएम से मुलाकात के दौरान 15 तक खरीद शुरू करने का दिया था भरोसा

धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता राकेश आर्य व होशियार सिंह ने कहा कि इस बार भारी बारिश से फसलें तबाह हो गई। जो धान व बाजरे की थोड़ी बहुत बची उसकी खरीद नहीं हो रही। जिससे किसानों के परिवारों का भविष्य अंधकारमय हो चुका है। क्योंकि किसी को क़र्ज़ उतारना था, किसी को बच्चों की फीस भरनी है। किसी को अगली फसल की बिजाई के लिए खाद व बीज ख़रीदने हैं। किसान नेताओं ने कहा कि गुरनाम चढूनी के नेतृत्व में सीएम से मिले थे, जिन्होंने 15 सितंबर तक खरीद शुरू करने का भरोसा दिया था। पर अभी तक खरीद शुरू नहीं हुई। सरकारी खरीद शुरू न होने से किसानों को अपनी फसलों को औने व पौने दामों पर बेचना पड़ रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुरत सिंह पहलवान जुई, सोमबीर दुहन युवा जिलाध्यक्ष, जयपाल कोंट, करतार गिल, वीरभान गिल, रामपाल नंबरदार ढाणा नरसाण, अमीर सिंह राहड़, राकेश गहलावत, जयभगवान महला, मोहित मलिक, अजीत पुर, रणधीर, अमीर जींद, सुमित गिल, गुड्डी घणघस, सावित्री सोनी, सोनिका गिल सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।




भिवानी। शहीद भगतसिंह चौक पर वोट चोरी के खिलाफ रोष जताते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## संयुक्त किसान मोर्चा ने उठाई वोट चोरी के खिलाफ आवाज

- वोट चोरी एक, मगर माध्यम अनेक: सांगवान
- विपक्षियों को धनबल सत्ता और ईडी का का दिखाया जा रहा है डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राहुल गांधी द्वारा उठाई गई 'वोट अधिकार' की आवाज के अनुरूप संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में शहीद भगत सिंह चौक पर किया जा रहा 'वोट अधिकार जन चेतना प्रदर्शन' 27वें दिन निरंतर जारी रहा। प्रदर्शन हररोज शाम को 6 बजे से 7:30 बजे तक किया जाता है। प्रदर्शन का संचालन सोमवीर शेषमा ने किया। इस मौके पर हरपाल, उमेद सिंह घनघस, जयनारायण सहित अनेक प्रदर्शनकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने आमजन के मन में उठती वोट एवं चुनाव चोरी की शंका को विस्तार से बताया।

उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा की जा रही कथित वोट चोरी पर अपना पक्ष रखा और बताया कि जनमत के अनुसार वोट चोरी एक है मगर माध्यम अनेक हैं, इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा द्वारा वोट चोरी किए जा रहे हैं, क्योंकि बिना जनकल्याण के काम किए कोई पार्टी सत्ता में वापसी नहीं कर सकती। भाजपा द्वारा ईवीएम में गड़बड़ी करके वोट चोरी किए जाना एक पक्ष है, चुनाव के दिन मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखते समय प्रशासन की मदद से बदले जाने बाबत भी शंकाएं जताई जा रही है, जो निराधार नहीं हो सकती एवं चोरी का एक माध्यम माना जा रहा हैं।

### खेला जा रहा खेल

विपक्ष के उम्मीदवारों को धनबल, सत्ता, ईडी का डर दिखा कर हार कबूल करवाना भी एक माध्यम माना जा रहा है। इन सबके साथ राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत डाटा साफ-साफ बयां करता है कि वोट काटकर देशवासियों को वोट के अधिकार से वंचित करके, बेनामी वोट बनाकर भी वोट चोरी का बहुत बड़ा खेल खेला जा रहा है।

### व्हाट्सएप पर रिश्तेदार बनाकर धोखे से 95,000 रुपए डलवाने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस भिवानी ने रिश्तेदार बनाकर व्हाट्सएप पर धोखाधड़ी से 95,000 रुपये डलवाने के मामले में दो आरोपियों को अलवर राजस्थान से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिलबाग निवासी भिवानी ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सोहेल पुत्र फरीद निवासी दाउदपुर जिला अलवर राजस्थान व अर्जन पुत्र कश्मीर सिंह निवासी भुदरपुर कॉलोनी अलवर राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी अर्जुन ने अपना बैंक खाता ऑनलाइन धोखाधड़ी के लिए 5,000 में आरोपी सोहेल को दिया था आरोपी सोहेल इन बैंक खातों में डाली गई धोखाधड़ी की रकम को एटीएम के द्वारा निकालकर अपना 10 प्रतिशत कमीशन रखकर आगे आरोपियों को देता था।

## मुक्केबाज नुपूर श्योराण और पूजा बोहरा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हाल ही में लंदन के लिवरपुल में आयोजित हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता महिला मुक्केबाज नुपूर श्योराण व कांस्यम पदक विजेता पूजा बोहरा का कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी में पहुंचने पर खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों द्वारा फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।

कादमी में महासचिव प्रीतम दलाल ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों का स्वागत भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण व अकादमी अध्यक्ष डा. एलबी गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। दोनों विजेता खिलाडियों ने अपनी सफलता का श्रेय भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण को दिया है। विजेताओं को बधाई देते हुए भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण ने बताया कि हमें महिला मुक्केबाज नुपूर श्योराण व पूजा बोहरा पर नाज है। वर्षों पहले कैप्टन हवासिंह ने भिवानी में बॉक्सिंग खेल का छोटा सा पौधा लगाया था आज वह पौधा वट वृक्ष का रूप धारण कर चुका है।



- वर्ल्ड बॉक्सिंग में जीता था रजत और कांस्य पदक

## वाहन फंसने के कारण घंटों तक बनी रहती है जाम की स्थिति

# सिवानी मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण व वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

तोशाम में सिवानी मार्ग पर पिछले कई दिनों से जलभराव होने से निवासियों का तो जनजीवन अस्त-व्यस्त हो ही गया था बल्कि अब सड़क पर जलभराव होने से वाहन चालको तथा राहगीरों को भी मार्ग से गुजरने के लिए पानी से जंग लड़नी पड़ती है। ऐसे में अनेक दफा तो वाहन पानी के कारण गड्ढा में फंस जाते हैं और कई-कई देर तक जाम की स्थिति भी बनी रहती है।

उल्लेखनीय है कि सिवानी मार्ग पर पिछले करीबन एक महीने से खेतों सहित सड़क पर पानी जमा है। जिससे किसानों की कई एकड़ फसल तो बर्बाद हुई ही बल्कि दुकानदार तथा मकानों को भी काफी नुकसान हुआ है।

इसी बीच सड़क पर पानी जमा होने से राहगीरों तथा वाहन चालको के लिए भी मार्ग से गुजरना टेडी खीर साबित हो रहा है। क्योंकि सड़क तथा खेत जलभराव से बराबर हो चुके हैं ऐसे में न तो सड़क नजर आ रही है न खेत नजर आ रहे हैं हर जगह सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है। जिससे वाहन चालकों को अंदाजे से ही पानी में से होकर गुजरना पड़ता है ऐसे में पानी के कारण कई जगह गड्ढे बनने से अनेक वाहन सड़क के बीच फंस जाते हैं और काफी मशक्कत के बाद जेसीबी तथा हाइड्रा मशीन की मदद से वाहन निकल पाते हैं ऐसे में कई-कई घंटे तक जाम की स्थिति बनी रहती है।



- सड़क तथा खेत जलभराव से बराबर हो चुके हैं ऐसे में न तो सड़क नजर आ रही है न खेत नजर आ रहे हैं

### करीबन महीने से भरा है पानी

वाहन चालक तथा ग्रामीण मोनू दलाल, पुरुषोत्तम गौड, रमेश कुमार, जगदीश झांवरी, मनीष जैन, किसान कर्मवीर, नरेश कुमार, सुमित्रा देवी आदि का कहना था कि तोशाम-सिवानी मार्ग अनेक गांवों को तोशाम से जोड़ता है तथा इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन लगा रहता है जिसके कारण जलभराव से वाहन चालकों तथा उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन करीबन महीना बीत जाने के बाद भी न तो पानी रुकने का नाम ले रहा है और न ही पानी निकासी के लिए प्रशासन द्वारा कोई पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। हालत यह है कि दिन प्रतिदिन पानी बढ़ता ही जा रहा है जिससे उनका जीना मुहाल हो गया है। वाहन चालकों तथा ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की की जल्द से जल्द जमा पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध किए जाएं तथा जलभराव को और अधिक बढ़ने से रोका जाए जिससे उनकी समस्या का समाधान हो सके तथा वाहन चालकों व राहगीरों के लिए मार्ग पूरी तरह से साफ हो।

### माकपा ने सांगवान का दौरा कर जलभराव निकासी का लिया जायजा, अतिरिक्त मोटर लगाने की मांग



**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की भिवानी जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बाढ़ पीड़ित सागवान का दौरा किया तथा जलभराव की निकासी का जायजा लिया। उन्होंने तोशाम हिल्स व भुरटाना सब माइनर को अंतिम छोर तक देखकर सिंचाई विभाग से मांग की है कि तोशाम हिल्स में तो एक मोटर चल रही है, उसकी क्षमता 10 क्यूसिक की है। जो जल निकासी हो रही है, परंतु भुरटाना माईनर की क्षमता 25 क्यूसिक पानी की है, जो इस समय इसमें बहुत कम पानी चल रहा है। उससे आगे बागनवाल की तरफ भुरटाना सब माईनर जाती है। उसमें दो मोटर चल सकती हैं। इसलिए विभाग को सागवान गांव से जलभराव की शीघ्र निकासी के लिए बड़ी मोटर तोशाम-बवानीखेड़ा रोड पर वहीं लगानी होगी, जहां दो मोटर पहले से खेतों में खुदाई करके ड्रेन में पानी डाल रही है। वहीं तोशाम हिल्स में बड़ी मोटर पानी डाल रही है, वहीं अतिरिक्त बड़ी मोटर लगाकर भुरटाना माइनर में पानी डाला जा सकता है। जो आगे चलकर इसी सब माइनर में डालने से सूखा ग्रस्त बागनवाला के खेतों में यह पानी सिंचाई के लिए इस्ते माल हो जाएगा।



स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन

फिक्शनल कैरेक्टर
शिखर चंद जैन





बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।

**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टॉड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।



**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

# खेलगीतों का अनूठा संकलन




बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *

**किताब**: गुमनाम खेलगीत, **लेखक**: अंकुर लेखक समूह, **चित्र**: पूजा के मेनन, **मूल्य**: 80 रुपए, **प्रकाशक**: एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

## हंसगुल्ले


**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।
**-खुशबू, ईमेल से**

**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
**-कमल, रायपुर**

**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।
**-साकेत, बिलासपुर**

## जीके क्विज-171

1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?



बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर

कहानी
विमला रस्तोगी

सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहनें हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईंटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

रंग भरो-185 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आशना, जांजगीर


वेदिका, बालोद


इज्यान, सूरजपुर


लक्षिका, कोरबा


अदिति, बंजारी



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा

## रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



बवानीखेड़ा। गांव जमालपुर के सीएचसी केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत कार्यक्रम में मौजूद।

### डॉ. शांडिल्य ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के टिप्स दिए

**बवानीखेड़ा।** जमालपुर के सीएचसी केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष सुंदर अत्री ने कहा कि हमारा समाज तभी सशक्त बनेगा जब आज की नारी स्वस्थ बनेंगी। इसलिए सरकार ने इस अभियान को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का नाम दिया है। डॉ. शांडिल्य ने भी स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीणों को अच्छे टिप्स दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र में त्रिवेणी भी लगाई गई।

### दिव्यांग विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु खंड स्तरीय स्वास्थ्य चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष अध्यापक नवीन कुमार व स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. राकेश सैनी, डॉ. नवीन बुगालिया ने अहम भूमिका अदा। इस कैंप में खंड के लगभग 100 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें 25 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया व 9 स्कूलों के बच्चों ने अपना चैकअप करवाया।

### गायों को गुड़ खिलाकर अभियान की शुरुआत

**तोशाम।** ईशरवाल मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और गौशाला में गायों को गुड खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंबी आयु की कामना की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ईशरवाल मंडल अध्यक्ष कुलदीप महला ने की। इस दौरान उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने काफी उन्नति तथा प्रगति की है वहीं विश्व में भारत देश का गौरव बढ़ाया है।

### एसएमएस अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**तोशाम।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इकोएंब्रेस फाउंडेशन द्वारा तोशाम के एसएमएस अस्तपाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन अध्यक्ष राजेश कुमार चंदाबास ने किया। एसएमएस अस्पताल के निदेशक डॉ. सीताराम सिंघल ने कहा कि आज के युवा नशे की लत को छोड़कर हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित करें। यदि हम भारत से नशा समाप्त कर दें, तो यह दुनिया के लिए प्रेरणादायक उदाहरण होगा और हम अपने जीवन को सुनहरे अक्षरों में लिखवा सकेंगे।

### ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित

**बहल।** दी भिवानी केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. शाखा में ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राहकों को बैंक में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई व उनको साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा ग्राहकों को बैंकिंग सेवा चालू रखने के लिए केवाईसी करवाने के लिए प्रेरित किया गया।

### युवाओं को मिलेगा राष्ट्र निर्माण में योगदान का सुनहरा अवसरः नित्यानंद

**भिवानी।** माई भारत के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद ने बताया कि संवाद का लक्ष्य युवाओं को विकसित भारत विजन से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह अवसर युवाओं के लिए अपनी सोच, ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता का सामना लेने का बेहतरीन मंच है। इस संवाद की शुरुआत माई भारत क्विज से होगी, जो 12 भाषाओं में आयोजित की जाएगी।

## आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा

# पंचकूला में एक्सटेंशन प्रवक्ता पर हमले के विरोध में प्राध्यापकों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी





भिवानी। नारेबाजी करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

एम.एन.एस. राजकीय महाविद्यालय, भिवानी व राजीव गांधी महिला महाविद्यालय के नियमित एवं एक्सटेंशन प्राध्यापकों ने महाविद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में 15 सितम्बर को घटित उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कड़ी निंदा की गई जिसमें पंचकूला के सेक्टर 1 में शारीरिक शिक्षा के एक्सटेंशन प्राध्यापक परवीन ढांडा पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किया गया था।

बुधवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्य सभ्य समाज में किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकते, विशेष रूप से तब जब यह अकादमिक समुदाय से जुड़े व्यक्तियों के साथ घटित हों। प्राध्यापकों ने यह भी कहा कि दोषियों के विरुद्ध तुरंत एवं कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विरोध प्रदर्शन के पश्चात प्राध्यापकों द्वारा उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि इस घटना में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध शीघ्र और कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, प्राध्यापकों ने अपने शैक्षणिक दायित्वों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाने की प्रतिबद्धता दोहराई तथा यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षकों की सुरक्षा, गरिमा एवं सम्मान की रक्षा सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।



बवानीखेड़ा। वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कैरियर कॉउंसलिंग वर्कशॉप के आयोजन में उपस्थिजन।

# वोकेशनल और ट्रेडिशनल एजुकेशन की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कैरियर कॉउंसलिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित हुआ जिसमें छटी से आठवीं व 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

जिसमें छटी से आठवीं कक्षा के बच्चों को अपने कार्य के बारे में जानकारी, ड्रीम जानकारी, पोस्टर ऑफ स्लोगन के बारे जानकारी दी गई वहीं 9वीं से 12वीं ग्रुप डिस्कशन, डिबेट कराए गए। वोकेशनल एजुकेशन एवं ट्रेडिशनल एजुकेशन के बारे गहनता से जानकारी दी और बताया कि पहले थ्योरी बेस थी अब प्रैक्टिकल बेस है। करियर के बारे में शिक्षिका मीनू व शिक्षिका प्रीति ने स्किल के बारे में जानकारी।

वहीं जानकारी देते हुए ऑटोमोबाइल शिक्षिका गीता, लैब असिस्टेंट गीता, आईटी शिक्षिका गोल्डी ने बताया कि बच्चों को जानकारी के लिए कुंभकार के पास लेकर कि किस प्रकार से अपने हाथों के हुनर से मिट्टी को जो आकार देना चाहे दे सकता है। वहीं उपप्राचार्य सुनील कुमार व सत्यवान यादव ने विभाग द्वारा समय समय पर ऐसे आयोजन के आदेश देता है जिसे अमलीजामा पहनाया जाता है।

# दिवंगत पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की नीतियों पर आगे बढ़ेः पंचगांवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। समारोह का न्योता देते इनेलो नेता विजय पंचगांवा।

हरियाणा को विकसित राज्यों में शुमार करवाना है तो दिवंगत पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की नीतियों पर आगे बढ़ना होगा। हरियाणा के गठन से पहले से ही उन्होंने इस क्षेत्र के लिए आवाज उठाई, प्रदेश को पंजाब से अलग राज्य का दर्जा दिलवाने में संघर्ष किया।

हरियाणा बनने बाद भी वो लगातार अपना पूरा जीवन यहां के लोगों को समान मौके दिलवाने के लिए संघर्ष करते रहे, वो सभी हमारे दिलों में हमेशा उन्हें बसाए रखेगा, ये बात इंडियन नेशनल लोकदल दादरी जिला प्रभारी विजय पंचगामा व हलका अध्यक्ष जयभगवान ने कही। उन्होंने कहा कि आने वाली 25 सिंतबर को स्वर्गीय देवीलाल की 112 जयंती अपने आप में ऐतिहासिक रहेगी। इनेलों द्वारा रोहतक में आयोजित सम्मान दिवस में लाखों देवीलाल के अनुयायी एकत्रित होकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। पंचगांवा आज क्षेत्र के विभिन्न गांवों मालपोष, बौंद कलां, निमरी, रानीला, झिंझर, भागेश्वरी, जयश्री, उण, सांजरवास आदि में पहुंचकर जनसंपर्क कर रहे थे।

समारोह को लेकर क्षेत्र के गांव-गांव जाकर, सभी को निमंत्रण दिया जा रहा है। इस दौरान महासचिव बंटी सांगवान, हल्का खेल परकोष्ठ प्रधान पप्पल फोगाट, हलका प्रेस परवक्ता अमरदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रिटायर्ड कर्मियों के हक छीनकर मंत्रियों और विधायकों के भत्ते बढ़ाने में लगी सरकारः वजीर

- 8वें वेतनमान को लागू कर रिटायर्ड कर्मियों को वेतन आयोग के लाभ से वंचित कर रही सरकार : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी





अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर फेडरेशन का मास धरना अखिल भारतीय प्रधान सुरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में हुआ, जिसका मंच संचालन रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के महासचिव रतन कुमार जिंदल ने किया।

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के महासचिव ए श्रीकुमार ने धरने को शुरू करवाया। यह जानकारी फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मास्टर वजीर सिंह ने भिवानी पहुंचने के बाद दी। उन्होंने बताया कि अनुसाशन बध्द तरीके से चले धरने के दौरान केंद्र सरकार की वरिष्ठ नागरिकों के साथ भेदभाव की नीति की सभी 20 राज्यों से शामिल नेताओं ने निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार रिटायर कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करने के नाम पर आर्थिक बोझ का रोना रोती है और दूसरी तरफ सरकार विधानसभा में पूर्व विद्यायकों को 10 हजार रुपये मेडिकल भत्ता व 10 हजार रुपये सैर सपाटा भत्ता का विधेयक पास करती है, जो रिटायर्ड कर्मचारियों के साथ सीधे तौर पर भेदभावपूर्ण नीति को दर्शाता है। वहीं फेडरेशन के राष्ट्रीय प्रधान सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार पैंशन वित्त विधेयक-2025 को वापिस लें, अन्यथा अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर्ज फेडरेशन बड़े आंदोलन की घोषणा करेंगे।

**ये रहे मौजूद**

धरने में हरियाणा से बलवान सिंह नांदल, राजस्थान से आशा कालड़ा ओमप्रकाश शर्मा, कृष्णन तमिलनाडु, मास्टर वजीर सिंह, चन्द्रशेखर रेड्डी व वैनकटशवर वललू, सुजीतदास गुप्ता व करुणा घोष प बंगाल, गोकुलानदं बहरा उड़ीसा, डीडी पाटिल सालिक मानलिकर महाराष्ट्र, रामेश्वर सिंह बिहार, मनजीत सिंह सैनी पंजाब, आर के थवाईत छत्तीसगढ़, मुकेश सक्सेना यूपी, जेवी किरसुर कर्नाटका, विरेन्द्र कुमार म प्रदेश, जनार्दन रेड्डी व करुणा तेलंगाना, सतीश मिश्रा युपी, शालीग राम मावलिकर महाराष्ट्र, डी कृष्ण मुरती तमीलनाडु व अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के अखिल भारतीय अध्यक्ष सुभाष लांबा आदि नेताओं ने भी संबोधित किया।

# सभी विभाग गंभीरता से कार्य करेंः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- डीसी ने समाधान शिविर में आई प्रत्येक शिकायत को गौर से सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से समाधान के दिए निर्देश

डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि आपदा से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल कर गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश कि वे समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करें।

डीसी गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले जलभराव से प्रभावित आबादी क्षेत्रों, खेल परिसरों और स्कूलों से बारिश के पानी निकासी की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में बनने वाली नई सडक़ों के साथ-साथ नालों से बरसाती पानी की सही व्यवस्था की जाए।

डीसी के समक्ष गांव बीरण निवासी कमला देवी ने जमीन कीपैमाइस करवाने बारे, प्रभू राम ने बीपीएल कार्ड बनवाने, भारत नगर निवासी सरस्वती ने आपसी झगडे के चलते पुलिस कार्यवाही करवाने, सैक्टर 13 निवासी आजाद सिंह ने नेताजी कॉलोनी का ब्लॉक सीवर दुरूस्त करवाने बारे, राम बाग कालोनी निवासीयो ने स्वच्छ पेयजल सप्लाई करवाने, कॉमरेड ओमप्रकाश ने डाबर कालोनी में जलभराव व ठप सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त करवाने, दलबीर उमरा ने रोड़ पर बने अवैध कब्जे हटवाने, अमित ने ओवर लोड भारी वाहनों पर कार्यवाही करवाने, बवानी खेडा निवासी विरेन्द्र व सुभाष ने जलभराव के कारण मकानों मे हुई क्षति के लिए मुआवजा दिलवाने, कृष्ण, चरणसिंह, आसी, सुषमा देवी, सुनीता, मंगतराम व ओमप्रकाश ने पीपीपी में त्रुटि दुरूस्त करवाने, सांगा निवासी बबली ने बिजली का मीटर लगवाने बारे, राम कुज मार्केट से दुकानदार अशोक व आशीष ने जलभराव व सीवर दुरूस्त करवाने की शिकायत रखी। डीसी ने शिकायतों को गौर से सुना और प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में एसडीएम महेश कुमार ने भी शिकायतों को सुना। शिविर में सीटीएम अनिल कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार, टीएम भरत परमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

# विभिन्न प्रजातियों के 75 पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



बहल। आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपित करते हुए।

भाजपा द्वारा पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत बहल भाजपा मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत सुरपुरा रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पौधारोपण अभियान चलाया गया व विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन सुनील शर्मा मुख्यातिथि रहे। वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता सुनील शर्मा का आईटीआई प्रबंधकों द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने भाजपा बहल मंडल कोषाध्यक्ष हनुमान शर्मा पाजू, पवन शर्मा सुरपुरा, आदित्य शर्मा सहित अन्य नेताओं ने आईटीआई के विद्यार्थियों के साथ विभिन्न प्रजातियों के 75 पौधों को रोपित किया। कार्यक्रम में आईटीआई परिसर में फैले पॉलीथिन को एकत्रित किया गया और उसको सही तरीके से डिस्पोज ऑफ किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सुनील शर्मा ने कहा कि भाजपा द्वारा देश भर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।



भिवानी। पौधरोपण करते पर्यावरण प्रेमी।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**चरखी दादरी।** किसी भी स्थान को स्वच्छ बनाने में पर्यावरण की अहम भूमिका होती है। पेड़ पौधों की उपस्थिति एक ऐसा वातावरण निर्मित करने में सहयोग देती है जो सहज ही सभी के हृदय को प्रसन्नता से भर देता है। जब कोई भी जगह हरियाली से भरपूर हो, पौधों,फलों तथा फूलों की महक से सुसज्जित हो तो अपने आप ही उस जगह पर पहुंचकर हमें शांति का अनुभव होता है। यह बात भूतपूर्व सैनिक एवं पर्यावरण प्रेमी बलबीर सिंह मलिक ने गांव चांग रोड में पर्यावरण बचाओ पेड़ लगाओ जागरूकता अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमेशा प्रकृति का संरक्षण किया।

# स्कूल परिसर के आसपास की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। स्कूल के मुख्य द्वार के आसपास सफाई अभियान चलाते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के निर्देशानुसार गांव जेवली स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मुख्याध्यापक आनंद शर्मा की अगुवाई में सेवा पखवाड़े कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्कूल परिसर व मुख्य द्वार के आसपास साफ सफाई अभियान चलाया गया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का नोडल अधिकारी संजय को बनाया गया। मुख्याध्यापक आनंद शर्मा ने कहा कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि विद्यालय पूरी तरह से स्वच्छ रहे, किसी प्रकार की कोई गंदगी यहां न फैले। नोडल अधिकारी ने बताया कि हमें कचरे का निपटान करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, गीले व सूखे कचरे को अलग अलग एकत्रित करें, प्लास्टिक, कांच, धातु आदि के टुकड़ों को अलग से रखें।



बाढ़डा। खंड स्तरीय दिव्यांग जागरुकता कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों को सम्मानित करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### दिव्यांग बच्चों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**बाढ़ड़ा।** हरियाणा स्कूल परियोजना परिषद के तत्वावधान में खंड संसाधन कक्षा समावेशित शिक्षा राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय के बीआरसी कम प्राचार्य योगेश सांगवान की अध्यक्षता में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में खंड बाढ़ड़ा के दिव्यांग बच्चों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक संसाधन अध्यापक विजय शर्मा ने बताया कि सरकार की महिम के अनुसार स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है और यह पखवाड़ा प्रत्येक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ग को उचित लाभ पहुंचाने की दृष्टि से इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। बीआरसी कम प्राचार्य योगेश सांगवान ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से दिव्यांग बच्चों में एक नई धारा उत्पन्न होती है।

### वृद्धावस्था जीवन का सुनहरा समय : वसुधा बहन

**भिवानी।** संगम–गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि राजयोग व आध्यात्मिक जीवनशैली अपनाकर बुजुर्ग अपने जीवन को सुखमय, सम्मानित और गौरवशाली बना सकते हैं। ब्रह्माकुमारी वसुधा ने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का वह सुनहरा समय है, जब व्यक्ति अपने अनुभवों एवं संस्कारों से नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का जीवन एक दीपक के समान है, जो अपने प्रकाश से परिवार एवं समाज का पथ आलोकित करता है। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने सभी उपस्थितजनों को समाज व परिवार में बुजुर्गों के सम्मान और सेवा की शपथ दिलाई।

### उमेद सिंह सहारण बने जजपा के भिवानी जिला सचिव

**तोशाम।** जननायक जनता पार्टी द्वारा भिवानी जिला इकाई में तोशाम क्षेत्र के गांव भेरा निवासी उमेद सिंह सहारण को जिला सचिव बनाए जाने पर उमेद सिंह ने पार्टी हाई कमान सहित पार्टी के समस्त नेताओं पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। वहीं उमेद सिंह के जिला सचिव बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में भी खुशी की लहर है। उमेद सिंह सहारण जननायक जनता पार्टी के लिए पिछले काफी वर्षों से निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं। उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा एवं ईमानदारी को देखते हुए जननायक जनता पार्टी ने उन्हें भिवानी जिले का जिला सचिव नियुक्त किया है। जिस पर उमेद सिंह सहारण ने जननायक जनता पार्टी सुप्रीमो डॉक्टर अजय सिंह चौटाला का आभार जताया।

## छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

# विद्यार्थियों को आपात स्थिति के लिए तैयार कर रहा रेडक्रॉस

- भविष्य के निर्माण के लिए बेटियों को फर्स्ट एड एवं होम नर्सिंग का ज्ञान देना जरूरी : सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। फर्स्ट एड एवं होम नर्सिंग प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को प्रशिक्षण देती नर्सिंग प्रवक्ता। फोटो : हरिभूमि

समाजसेवा की भावना को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में चार दिवसीय फर्स्ट एड और होम नर्सिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल भिवानी रेडक्रॉस द्वारा की जा रही है, जिसका लक्ष्य युवाओं को प्राथमिक उपचार और घरेलू देखभाल का व्यावहारिक ज्ञान देना है। प्रशिक्षण शिविर विभिन्न स्कूलों में जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार की टीम में शामिल फर्स्ट एड एवं होम नर्सिंग प्रवक्ताओं मास्टर अजय कुमार, हरेंद्र पुनिया, संजय कुमार, शालू कामरा, नीरजा रानी, सीताराम द्वारा दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी फर्स्ट एड के ज्ञान को सीख पाए और इसमें शामिल हो सकें। विद्यार्थियों को किसी भी जरूरतमंद की मदद के लिए तैयार करना है, खासकर आपातकालीन परिस्थितियों में इसी कड़ी में चार दिवसीय शिविर के तीसरे दिन गुरुवार को शहीद भगत सिंह चौक स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय लोहड़ में विशेष शिविर का आयोजन किया।

**सीपीआर की जानकारी दी**

शिविर में फर्स्ट एड एवं होम नर्सिंग की प्रवक्ता नीरजा रानी ने छात्राओं को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्राओं को चोट लगने, अस्थायी अवसाद, जलने, घावों की सफाई, सांस संबंधी समस्या आने पर प्राथमिक उपचार देने, ब्लीडिंग रोकने, पुनर्जीवन (सीपीआर) विधियां सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दीं। भिवानी रेडक्रॉस के सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण सेंट जॉन एंबुलेंस (इंडिया) हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशों के अनुसार चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत कुल 400 विद्यार्थियों को फर्स्ट एड और होम नर्सिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि बेटियों को ऐसी आवश्यक जानकारी होगी, तो वे आने वाली पीढ़ियों को भी बचपन से ही इसके लिए तैयार कर सकेंगी और जागरूक भविष्य का निर्माण किया जा सकेगा। सचिव प्रदीप ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर न केवल विद्यार्थियों को आपातकालीन कौशल से लैस कर रहा है, बल्कि उनमें समाज सेवा के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता भी बढ़ा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मास्टर अत्तर सिंह का 82 वर्ष की आयु में निधन

**बाढ़ड़ा।** गांव जगरामबास निवासी मास्टर अत्तर सिंह श्योराण 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र व गांव के मोजिज ग्रामीणो ने उनके निवास स्थान पर पहुंच कर शोक जताया। इस दौरान दीपेश श्योराण, नवलसिंह, समुंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश, विजय, मनोज, रविंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार, अनुज, सुधीर, नवीन, दिनेश आदि ने शोक जताया।

### बापोड़ा में स्वच्छता अभियान चलाया

**तोशाम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर बापोड़ा मंडल के सभी गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांव के मंदिर में् र मोदी की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की गई और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। मौके पर बापोड़ा मंडल के अध्यक्ष जगत कौशिक, मंडल महामंत्री दिनेश, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनिपाल, सुरेन्द्र भारद्वाज, बजरंग, पवन, उमेद, महेंद्र सांडा, सतबीर गौड़, गणेश पांडे, ललित, सोशल मीडिया मंडल प्रमुख इमरान बापोड़ा, राजू बापोड़ा मौजूद रहे।

### अलखपुरा की बेटियों ने फुटबॉल में गाड़े झंडे

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा स्कूली खेल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र में 16 से 18 सितम्बर तक हुई जिसमें हरियाणा के विभिन्न स्कूलों की अंडर -14 आयु वर्ग में 23 टीम, अं-17 आयु वर्ग में 22 टीम व अं –19 आयु वर्ग में 22 टीमों ने हिस्सा लिया , जिसमें अलखपुरा छाज्जूराम राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल व हिंदू हाई स्कूल की बेटियों ने हिस्सा लेकर विजय प्राप्त की,हिंदू हाई स्कूल की बेटियों अं-14 टीम में हिस्सा लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, अं-17 टीम ने फाइनल में अंबाला की टीम को 5–1 से हराया।

### सीएचसी गोपी में स्वस्थ मुफ्त जांच शिविर लगा

**बाढ़ड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपी में मुफ्त जांच शिविर व स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी और डिप्टी सीएमओ ने सयुंक्त रूप से किया। इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा पुरुषों व महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक दवाइयां मुहैया करवाई गई। इस मौके पर पौधरोपण कर स्वास्थ्य में पर्यावरण के महत्व का संदेश दिया।

### नई दरों से आमजन को मिलेगी बड़ी राहत

# जीएसटी के सुधार नवरात्रि के पहले दिन से होंगे लागू: धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते सांसद धर्मबीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश-एक कर की नीति को अपनाते हुए जीएसटी पुरानी चार स्तरीय व्यवस्था को हटाकर देशभर में आमजन के काम लाने वाली वस्तुओं पर 5 और 18 प्रतिशत जीएसटी की नई संरचना लागू की है, जिससे देश के आम नागरिकों को भी सीधा लाभ होगा। इसके साथ ही लग्जरी सामान पर जीएसटी की 40 प्रतिशत की दर रखी है, यह देश को विकसित बनाने में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि जीएसटी के नए स्लैब से गरीब आदमी को राहत मिली है, जो सबसे जरूरी है। सांसद धर्मबीर सिंह वीरवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी कम करना देश को विकसित बनाने में एक अहम कदम है**

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों के लिए 3 सितम्बर को 56 वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सुधारों के निर्णय लिए गए। यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव है।

इससे पारदर्शिता, न्यायसंगत व्यवस्था और कर पालन में आसानी की पुरानी मांगों को पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि जीएसटी पर ये सुधार नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे।

यह केवल आर्थिक कदम नहीं, बल्कि देश के लिए दिवाली का तोहफा है, इससे करोड़ों परिवारों की बचत सीधे उनके हाथों में जाएगी। जैसे दीपावली पर दीपक घरों को रोशन करते हैं, वैसे ही ये सुधार घरों के खर्च कम करेंगे, किसानों को सशक्त बनाएंगे और कारोबार को गति देंगे, जिससे पूरे भारत में समृद्धि फैलेगी।

#### कृषि उत्पादन से किसानों को लाभ होगा

सांसद ने कहा कि आम आदमी और घरों में राहत के लिए जैसे दैनिक आवश्यक वस्तुओं पर बड़ी बचत हुई है, जो पहले 12 से 18 था, अब उन वस्तुओं पर पांच प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार से उर्वरकों पर पांच प्रतिशत जीएसटी होने से किसान और कृषि उत्पादन में सीधे किसानों को लाभ होगा। इसी प्रकार भवन निर्माण में प्रयोग होने वाली सीमेंट पर 28 से कम कर 18 प्रतिशत जीएसटी किया गया है।

#### विलासिता की वस्तुओं पर बढ़ाया जीएसटी

*सांसद ने बताया कि आम आदमी से हटकर विलासिता और सामाजिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाली वस्तुओं पर जीएसटी बढाया है, जिनमें पान, मलासा, सिगरेट, कैफीनयुक्त पेय पदार्थ, उच्च स्तरीय मोटवाहन, कैसीनो, घुड़दौड़ और आईपीएल जैसे खेलों में प्रवेश आदि पर जीएसटी 28 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया है। इस दौरान एडवोकेट सुभाष जिंदल, जिला प्रवक्ता विनोद चावला, मीना परमार, रमेश पचेरवाल, इंडस्ट्री एरिया प्रधान शालू जैन व धर्मवीर नेहरा, सीए एसोसिएशन के प्रधान राजेश, नरेश, मीनू अग्रवाल, व्यापार मंडल के प्रधान भानू प्रकाश, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप तंवर व सचिव विनोद शर्मा, एनडी गुप्ता, एनडी गोयनका, मदन लाल, सीए प्रकोष्ठ पवन मितल, धर्मेश शाह, इंडस्ट्री एरिया के मेम्बर राकेश शर्मा, दिनेश वर्मा, इंडस्ट्री एरिया के वाइस प्रेसीडेंट फकीर चंद गर्ग, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, पूर्व टैक्स बार राजेश पोपली, एडवोकेट टैक्स बार के मेंबर दीपक मितल, टैक्स बार के सचिव हितेश, गोपाल कृष्ण पोपली, एडवोकेट राजेश शर्मा, प्रदीप सोनी, विनोद भारद्वाज, राजकुमार यादव, अतुल रोहिल्ला सहित विभिन्न व्यापारिक व ओद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।*


**भिवानी।** जलभराव के स्थाई समाधान को लेकर लोगों के सुझाव लेते सांसद धर्मबीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### जलभराव से बीमारियों का खतरा

# गांव में दवा का छिड़काव किया जाए : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोक सभा क्षेत्र के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि कस्बा स्थित महिला महाविद्यालय में बवानी खेड़ा क्षेत्र में जल भराव से संबंधित गांवों के लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी के लिए जरूरत के अनुरूप अतिरिक्त पंप सेट स्थापित किए जाएं। खेतों से बारिश का पानी आबादी क्षेत्र में न आए। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जलभराव वाले गांवों में बीमारियों से बचाव के लिए दवाई के छिडकाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन गांवों के पंचायत प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों से गांव में फिलहाल बरसाती पानी की स्थिति की जानकारी ली। सांसद ने अधिकारियों को ग्रामीणें के सुझावों पर अमल करते हुए पानी निकासी करवाने को कहा। उन्होंने भविष्य में जलभराव जैसी स्थिति नहीं बनने देने को लेकर पंचायतों द्वारा दिए गए सुझावों के प्रस्ताव मांगे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जलभराव से फसलों व मकानों आदि में हुए नुकसान का सर्वे निष्पक्ष ढ़ंग से करें ताकि प्रभावित व्यक्ति भरपाई से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि सर्वे में किसी तरह का पक्षपात नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों व खेतों में बने तालाबों की खुदाई करवाएं।

#### समस्याएं सुनीं

सांसद ने कस्बे के अलावा गांव खेड़ी, बड़सी, जीताखेड़ी, मिलकपुर, सिकंदरपुर, स'जनपुर, ढाणी कुशाल, पपोसा, जमालपुर, सीपर, बोहल, लोहारी जाटू, सुमड़ा,खेड़ा, बलयाली, सुई एवं प्रेम नगर के लोगों की जलभराव की समस्याएं सुनी।

# अन्नदाताओं का संघर्ष रंग लाएगा

- अनाजमंडी में संचालित धरने पर पहुंचे पूर्व मुख्य संसदीय मान

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढ़ड़ा


**बाढ़ड़ा।** अनाजमंडी में धरना संयुक्त किसान मोर्चा के धरनारत किसानों को संबोधित करते पूर्व सीपीएस रणसिंह मान। *फोटो : हरिभूमि*

अनाजमंडी में संचालित धरने पर पहुंचे पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान ने कहा कि किसानों का मुआवजा की मांग वाजिब है जो सरकार को जारी करनी पड़ेगी। सरकार के लापरवाह कार्यशैली पर कड़ा रोष प्रकट करते हुए कहा कि अन्नदाता अब जाग गया है और सरकार को उसके सामने झुकना पड़ेगा। कस्बे की अनाजमंडी में किसान सभा के पूर्व अध्यक्ष मास्टर रघुबीर श्योराण की अध्यक्षता में वर्ष 2023 व 2025 के बकाया मुआवजे की मांग को लेकर संचालित धरना वीरवार को 64वें दिन भी जारी रहा। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान ने कहा कि बाढ़ड़ा, लोहारू व भिवानी में किसान सरकार की हठधर्मिता की बदौलत 9 सप्ताह से किसान भुखे प्यासे धरने पर बैठे हैं लेकिन सरकार या उसके किसी नुमाइंदे ने सीएम के दादरी दौरे के बाद किसानों के साथ किसी तरह का संपर्क नहीं किया है।

#### ये किसान नेता रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि खरीफ 2023 कपास बीमा मुआवजे में घोटाले की जांच व मुआवजे प्राप्ति तक किसानों का धरना जारी रहेगा और वे तन मन धन से अन्नदाता का साथ सहयोग जारी रखेंगे। इस मौके पर किसान नेता नरेश कादयान, नेता भूप सिंह धारणी, सीटू नेता सुमेर सिंह धारणी, धन सिंह, नसीब मोद, हवा सिंह, प्रताप सिंह, ब्रह्मपाल बाढडा, रमेश कुमार भांभू, करतार गोपी,राजेश कुमार भांडवा, ओमप्रकाश खोरड़ा, वेद सिंह नंबरदार, महीपाल कारी, महावीर, हवा सिंह आदि मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत पौधरोपण

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विधायक कपूर वाल्मीकि के भाई राजेश कुमार, नगर पालिका प्रधान एवं समाजसेवी सुंदर अत्री, उपप्रधान प्रतिनिधि बजरंग तवंर, नपा सचिव संदीप गर्ग, सीएम विंडो सदस्य विनित तवंर, प्रोफेसर सुरेन्द्र, बलराज, दीपक सैनी, कपूर सिंह, संजय मलिक, अजीत, बीर सिंह आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विधायक कपूर वाल्मीकि के भाई राजेश कुमार, नगर पालिका प्रधान एवं समाजसेवी सुंदर अत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश का नक्शा बदल दिया। वहीं उन्होंने बताया कि समय समय पर पौधारोपण करते रहना चाहिए व सफाई अभियान चलाना चाहिए।

### लोहारू के ऐतिहासिक किले का होगा जीर्णोद्धार: धर्मबीर सिंह

# जीर्णोद्धार कार्य के प्रथम चरण में होंगे करीब चार करोड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

प्रदेश सरकार ऐतिहासिक स्थलों का जीर्णोद्धार कर उनको पर्यटन केंद्र के रूप से विकसित कर रही है। इसी कड़ी में लोहारू के ऐतिहासिक किले का भी जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण किया जाएगा, जिस पर प्रथम चरण में करीब चार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होगी। ये जानकारी भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में दी। इस दौरान सांसद ने लोहारू किले के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास भी किया। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के सहकारिता, पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने नारनौल से प्रदेश के करीब 20 ऐतिहासिक स्थलों के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास किया।


**लोहारू।** लोहारू का ऐतिहासिक किले का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### लोहारू का ऐतिहासिक महत्व

इतिहास के झरोखें से देखें तो लोहारू रियासत की स्थापना सन 1805 में हुई थी। शेखावटी के संस्थापक राव शेखावटी के वंशज ठाकुर नरहर दास ने सन 1588 में लोहारु को बसाया था। यहां दो महत्वपूर्ण लड़ाइयां लड़ी गई। पहली लड़ाई सन 1671 में ठाकुर मदन सिंह व हिसार के मुगल गर्वनर अलफू खान के बीच भू-राजस्व को देने से मना करने के कारण तथा दूसरी खेतड़ी के राजा भोपाल सिंह द्वारा लोहारु पर खेतड़ी के अधिकार को लेकर ठाकुर किरत सिहं के साथ हुई। इस लड़ाई में राजा भोपाल सिंह लोहारू के किले के बाहर मारा गया और उसी स्थान पर उनके सम्मान में एक छतरी का निर्माण किया गया। क्षेत्र के लोगों को नवाब के इस व्यवहार पर एतराज था। उन्होंने नवाब के विरूद्ध विद्रोह कर दिया तथा देश के अन्य भागों के क्रांतिकारियों को अपना सहयोग दिया। लोहारू का संघर्षमय इतिहास जंग, जोर और जुल्म की गाथाओं से भरा पड़ा है।

### शिक्षा एवं रोजगार की चुनौतियों पर सर्वहितकारी आंबेडकर वेलफेयर ने पीएम को लिखा पत्र

**भिवानी।** सर्वहितकारी आंबेडकर वेलफेयर सोसायटी ने शिक्षा और रोजगार से जुड़ी आमजन की समस्याओं को लेकर स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम एक पत्र भेजा। पत्र में सोसायटी ने सरकारी स्कूलों को बंद करने, रोजगारपरक शिक्षा की कमी और निजी स्कूलों में मनमानी फीस जैसी कई गंभीर चिंताओं को उठाया है। सोसायटी के प्रधान इंद्रजीत भारती, महासचिव डॉ. पन्नालाल, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष विरेंद्र कुमार व प्रेस प्रवक्ता रविंद्र कुमार की ओर से ये पहल की गई है। उन्होंने बताया कि सोसायटी ने अपने पत्र में 2014-15 से 2023-24 के बीच देशभर में लगभग 89 हजार 441 सरकारी स्कूलों के बंद होने या विलय होने पर गहरी चिंता जताई है। इसके चलते लाखों शिक्षक और कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। गरीबों के बच्चों को घर के पास के स्कूलों से वंचित होना पड़ा, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### बच्चों को दी कौशल विकास की जानकारी

**बाढ़ड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कादमा में आज विशेष पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम वन विभाग हरियाणा के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापकगण, छात्र-छात्राएं और राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने मिलकर विद्यालय परिसर में अनेक पौधे रोपे। वन विभाग की ओर से उपस्थित वन दरोगा अमित तथा क्षेत्रीय अधिकारी रवींद्र सिंह ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व और वन्य जीवन के प्रति संवेदनशीलता के विषय में जागरूक किया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे न केवल पौधारोपण करें, बल्कि उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लें।

# नंदी पहलवान बने जिला प्रधान

- वीएलडीए बीएलईओ एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

वीएलडीए बीएलईओ एसोसिएशन हरियाणा कि जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया,जिसमें मुख्य रूप से राज्य महासचिव निर्मल श्योराण ने शिकरत की। बैठक की अध्यक्षता तोशाम बीएलईओ दिलबाग बुढेड़ा ने की तथा संचालन मनोज यादव ने किया। बैठक में सभी सदस्यों ने विचार विमर्श करके सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें परमानंद उर्फ नंदी पहलवान को जिला प्रधान नियुक्त किया गया।


**भिवानी।** वीएलडीए बीएलईओ एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारी।

#### इन्हें भी सौंपी जिम्मेदारी

वहीं जयवीर खींची को जिला सचिव, शुभमराव को उपप्रधान, नवीन को उपसचिव, दीपक छाछिया को कोषाध्यक्ष प्रवेश को प्रेस सचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके साथ-साथ भिवानी, तोशाम, लोहारू व सिवानी उपमंडल की कार्यकारिणी का भी गठन किया, जिसमें हर्ष सिवान को भिवानी उपमंडल प्रधान व अशोक को सचिव, अशोक रिवासा को तोशाम उपमंडल प्रधान व सोनू सभवाल को सचिव, लक्की सोहासड़ा को लोहारू उपमंडल प्रधान व संदीप ढिगावा को सचिव, रविन्द्र गुरेरा को सिवानी उपमंडल प्रधान व मनीष गरवा को सचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी।

# भिवानी का बनता है खेल की राजधानी का हक : कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


कमल सिंह प्रधान।

**भिवानी के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जीते सबसे अधिक पदक**

खेल नगरी के खिलाडिय़ों ने अपनी प्रतिभा के दम पर देश-विदेश में भारत का नाम रोशन करने का काम किया है, लेकिन इसके बावजूद भी आज तक भिवानी को खेल की राजधानी व खेल का जिला घोषित नहीं किया गया, जो कि यहां के खिलाडिय़ों व युवाओं का मनोबल तोडऩे काम है। यह बात भिवानी बॉक्सिंग क्लब के अध्यक्ष कमल सिंह प्रधान ने गृह मंत्री शाह द्वारा अहमदाबाद को खेल की राजधानी बनाने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। भिवानी में देश भर में अर्जुन अवॉर्ड, द्रोणाचार्य अवॉर्ड, पदमश्री अवॉर्ड, राजीव गांधी खेल पुरस्कार, खेल रत्न के मामले में अव्वल रहा है। कमल ने कहाकि इस मामले को लेकर खिलाड़ियों को साथ लेकर सूबे के सीएम व केंद्रीय खेल मंत्री से मिलेंगे।

**सीएम और केंद्रीय खेल मंत्री के समक्ष रखी जाएगी मांग**

### जताया रोष — भिवानी जिला के प्रतिनिधि मण्डल ने खुले दरबार में रखी मांग

# मांगों को लेकर जनवादी महिला ने मुख्यमंत्री सैनी को भेजा ज्ञापन

**फैमिली आईडी बार-बार चक्कर काटने से भी ठीक नहीं हो रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के आह्वान पर भिवानी जिला के प्रतिनिधि मण्डल ने भिवानी खुले दरबार में जिला उपायुक्त के मार्फ़त मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेजा। प्रतिनिधि मण्डल में जिला प्रधान बिमला घनघस, जिला सचिव अनुराधा, कमेटी सदस्य गंगा देवी, मूर्ति, केला, रेनू शर्मा आदि उपस्थित थे। माहिला समिति के नेताओ ने कहा कि दशहरा और दीवाली नजदीक है। त्यौहार के समय को हर परिवार खुशी और उत्साह के साथ मनाना चाहता है। परंतु गरीब परिवारों के लिए यह बेहद मुश्किल समय होता है। महंगाई से खाने -पीने की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे है दूसरी तरफ सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सिकोड़ा जा रहा है।



**भिवानी।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करती जनवादी महिला समिति की सदस्या।

#### यह समस्याएं आ रहीं

पिछले दिनों लाखों परिवारों के बी पी एल राशन कार्ड काट दिए गए जिनमें बहुत से प्रभावित परिवार काफ़ी गरीब हैं। फैमिली आईडी में इतना फर्जीवाडा हैं की परिवारों की आमदनी अनाप-सनाप दिखाई हुई हैं और ऐसी- ऐसी चीजे आईडी में जोड़ी गई हैं जो इन परिवारों के पास हैं ही नहीं। फैमिली आईडी बार-बार चक्कर काटने से भी ठीक नहीं हो रही। राशन डीपो पर केवल मिलने वाली वस्तओं की संख्या, मात्रा, और गुणवता तीनो में ही कटौती हैं। जनवादी महिला समिति ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार जल्द मांगे पूरी नहीं करती है तो संगठन को बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने अक्टूबर माह में आने वाले त्योहारों के मौके पर जैसे राशन डीपो के अतिरिक्त राशन जैसे सूजी, चीनी, घी, चावल, दाल, सरसों का तेल, मसाले, अनाज दिए जाने,फैमिली आईडी के नाम पर गरीब परिवारों के काटे गये बी पी एल कार्ड दोबारा बनाने, कालोनियों व गावों में कैम्प लगाकर फैमिली आईडी की गलतियां ठीक करने, साहूकार के कर्ज में फसी हुई महिलाओं को कर्ज मुफ्त किए जाने की मांग की।

### मंदिरों का मोहल्ला डोभी तालाब बना नरक

**भिवानी।** डोभी तालाब मोहल्ला जिससे मंदिरों का मोहल्ला भी कहा जा सकता है। क्योंकि यहां पर भिवानी में सबसे अधिक मंदिर हैं। जिसके कारण भिवानी को छोटी काशी भी कहा जाता है। इस मोहल्ले में हजारों श्रद्धालु लोहड़ वीर व मंदिरों में पूजा व दर्शन के लिए आते हैं लेकिन यहां पर सफाई व्यवस्था, सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हैं। सिवरेजों व गंदे पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियों की सफाई न होने के कारण सडक़ों पर गंदा पानी का आलम छाया हुआ है। स्थानीय निवासी विजय कुमार, जयप्रकाश, कमल गुप्ता, बंटी, विनय, सविता, संतोष, सुरेंद्र, डा. मीनाक्षी, डा. सुरेश आदि ने बताया कि यहां के वाटर बूस्टर की छत टूटी हुई जिसके कारण उसके अंदर गंदा पानी आ रहा है।